# सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी

पत्रांक :सा॰ 3810 /2025 दिनांक : 12 जुलाई, 2025

## कार्यालय-ज्ञाप

क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, वाराणसी के पत्रांकः- क्षे0का0वा0/ 840-45/2025-26, दिनांक 18.06.2025 के निर्देशानुसार काशी सांसद टूरिस्ट गाइड प्रतियोगिता-2025 का दिनांक 07 से 14 जुलाई, 2025 के मध्य आयोजन एवं निर्धारित गाईड लाइन के अनुसार विश्वविद्यालय/महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए http://kashisansadtouristguide.com पर पंजीकरण कराने तथा प्रतियोगिता हेतु डॉ. रविशंकर पाण्डेय, सहायक आचार्य, मो.नं. 94159 83641 को प्रभारी नामित किया जाता है।

इस पर कुलपति महोदय की स्वीकृति प्राप्त है।

संलग्नक-यथोक्त

( राकेश कुमार )
आई.ए.एस.
कुलसचिव

प्रतिलिपि- सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-

1. निजी सचिव, कुलपति को कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।
2. क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी,वाराणसी।
3. समस्त संकायाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष।
4. डॉ. रविशंकर पाण्डेय, सहायक आचार्य।
5. सिस्टम एनालिस्ट, को इस आशय से कि
6. विश्वविद्यालय के बेबसाइट पर प्रदर्शित कराने हेतु।
7. प्रबन्धक/प्राचार्य समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय।
8. अधीक्षक,प्रशासन/लेखा।
9. आशुलिपिक कुलसचिव/वित्त अधिकारी।
10. सम्बद्ध पत्रावली।

12/7/2025

( राकेश कुमार )
आई.ए.एस.
कुलसचिव

Scanned with OKEN Scanner

समय, 2502 कु०स० 1978/2025 19/06/25 AR (Admin) 19/6/2025 Registrar

कार्यक्षेत्रीय मण्डल – वाराणसी, आजमगढ़, मिर्जापुर।
कार्यक्षेत्रीय जनपद– वाराणसी, मिर्जापुर, जौनपुर, गाजीपुर, बलिया, मऊ, आजमगढ़, चंदौली, भदोही, सोनभद्र।
**कार्यालय : क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, वाराणसी परिक्षेत्र, वाराणसी।**
डी0–57/58, कस्तूरबा नगर, सिगरा, वाराणसी। फोन नं0 – (0542) 2221000
E-Mail Id- rheovns001@gmail.com Website-www.rheovns.co.in

**पत्रांक : क्षे0का0वा0/ 840-45- /2025–26,** **दिनांक : 18/06/2025**

~~कु0स0 1978/~~ AD 30/6/25 21.6.25

सेवा में,

1. कुल सचिव, काशी हिन्दु विश्वविद्यालय, वाराणसी।
2. कुल सचिव, महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ, वाराणसी।
3. कुल सचिव, सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी।
4. कुल सचिव, केन्द्रीय उच्च तिब्बती शिक्षा संस्थान, सारनाथ, वाराणसी।
5. प्राचार्य/प्राचार्या, समस्त राजकीय/अशासकीय अनुदानित महाविद्यालय, वाराणसी।

विषय– काशी सांसद टूरिस्ट गाइड प्रतियोगिता–2025 का दिनांक 07 से 14 जुलाई, 2025 के मध्य आयोजन के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक काशी सांसद टूरिस्ट गाइड प्रतियोगिता–2025 का दिनांक 07 से 14 जुलाई, 2025 के मध्य आयोजन किया जाना है। अतः उक्त प्रतियोगिता के सम्बन्ध में निर्धारित गाईड लाइन की प्रति संलग्न कर इस आशय से प्रेषित कि अपने विश्वविद्यालय/महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्र–छात्राओं को प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु http://kashisansadtouristguide.com पर पंजीकरण कराते हुये उसकी सूची कार्यालय की ई–मेल पर उपलब्ध कराने का कष्ट करें। उक्त प्रतियोगिता हेतु प्रभारी नामित करते हुये प्रभारी का नाम एवं मो0 नं0 भी उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

**संलग्नक–उक्तवत।**

भवदीय

कृते क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी,
वाराणसी।

पृ0स0–क्षे0का0वा0/ /2025–26 तददिनांक।
प्रतिलिपिः मुख्य विकास अधिकारी, वाराणसी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी,
वाराणसी।

श्री प्रदीप जी 21/6/25

Scanned with OKEN Scanner

## "काशी सांसद टूरिस्ट गाइड प्रतियोगिता–2025" का दिनांक 07 से 14 जुलाई, 2025 के मध्य आयोजन किया जायेगा

"काशी सांसद टूरिस्ट गाइड प्रतियोगिता–2025" का आयोजन दिनांक 20फरवरी,2025 से प्रस्तावित थी। शहर में महाकुम्भ के दृष्टिगत अत्यधिक भीड़ होने के कारण स्कूल/कालेज बन्द होने एवं अभिभावकों के अनुरोध के फलस्वरुप उक्त प्रतियोगिता की तिथि संशोधित करते हुए दिनांक 07 से 14 जुलाई,2025 के मध्य आयोजित की जायेगी।

- "काशी सांसद गाइड प्रतियोगिता" दो आयु कैटेगरी में आयोजित की जायेगी क्रमशः 14–18 वर्ष एवं 18 वर्ष से अधिक, जिसमें सभी आयु वर्ग के काशी लोक सभा क्षेत्र के तीन विकास खण्ड काशी विद्यापीठ, आराजीलाइन्स, सेवापुरी एवं नगर निगम के समस्त पॉच जोन के व्यक्ति प्रतिभाग कर सकेगें।
- प्रतियोगिता मुख्य रुप से निम्न 10 थीम पर आयोजित की जायेगी:– 1– काशी के घाट, 2–श्री काशी विश्वनाथ मन्दिर, 3– सारनाथ, 4–काशी का इतिहास, 5– काशी के त्यौहार, 6– काशी के हैन्डीकाफ्ट, 7– काशी एवं धर्म, 8– काशी के संत(कबीर, तुलसीदास, रविदास आदि), 9– काशी एवं संगीत, 10– काशी के खानपान।
- प्रतियोगिता तीन इवेन्ट्स में आयोजित की जायेगी– 1– डेक्लेमेशन एवं प्रजेन्टेशन, 2– निबन्ध, 3–इन्स्टाग्राम पर रील मेकिंग।

1– **डेक्लेमेशन एवं प्रजेन्टेशन**:– प्रथम चरण विकास खण्ड एवं जोन स्तर पर दिनांक 07 से 10 **जुलाई,2025** को आयोजित की जायेगी, जिसमें 14–18 वर्ष कम आयु वर्ग की प्रतियोगिता 07–08 जुलाई,25 को तथा 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग की प्रतियोगिता 09–10 जुलाई,25 को आयोजित होगी। प्रत्येक प्रतिभागी को संबन्धित थीम पर आधारित प्रजेन्टेशन हेतु अधिकतम 5 मिनट दिया जायेगा। प्रतियोगिता कुल 50 अंकों की होगी।

2– **निबन्ध**:–प्रथम चरण विकास खण्ड एवं जोन स्तर पर दिनांक 07 से 08 **जुलाई,2025** को आयोजित की जायेगी, जिसमें 14–18 वर्ष आयु वर्ग की प्रतियोगिता 07 जुलाई,25 को तथा 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग की प्रतियोगिता 08 जुलाई,25 को आयोजित होगी। प्रतियोगिता में संबन्धित 10 थीम में से किसी एक थीम पर पर 250 शब्द का निबन्ध होगा।

3– **रील मेकिंग**:–सभी प्रतिभागी को **दिनांक** 07 से 14 **जुलाई,2025** तक अपनी रील संबन्धित थीम का नाम लिखकर इन्स्टाग्राम **@varanasismartcity** को टैग कर रील अपलोड करनी होगी।

4–जनपद स्तर की फाइनल प्रतियोगिता **दिनांक 13 व 14 जुलाई,2025** को आयोजित की जायेगी, जिसमें 14–18 वर्ष आयु वर्ग की प्रतियोगिता 13 जुलाई,25 को तथा 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग की प्रतियोगिता 14 जुलाई,25 को आयोजित होगी। वेन्यू की सूचना पृथक से दी जायेगा।

5– प्रतियोगिता हेतु पंजीकरण की **अंतिम तिथि 30–06–2025** होगी।

उक्त प्रतियोगिता हेतु एक बेवसाइट https://kashisansadtouristguide.com विकसित की गयी है, जिस पर प्रतियोगिता की गाइडलाइन एवं अन्य विस्तृत जानकारी उपलब्ध है। प्रतियोगिता में प्रतिभाग हेतु पंजीकरण प्रारम्भ है। काशी संसदीय क्षेत्र के समस्त सम्मानित नागरिकों/आमजन को सूचित किया जाता है कि उक्त से अवगत होते हुए प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने के इच्छुक व्यक्ति उक्त बेवसाइट पर अपना पंजीकरण करा सकते है।

Scanned with OKEN Scanner